भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †72

सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**अल्पज्ञात पर्यटन-स्थलों को विकसित करने हेतु परियोजनाएं**

**†72. श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे:**
**श्रीमती भारती पारधी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने अल्पज्ञात पर्यटन-स्थलों को प्रतिष्ठित स्थलों के रूप में विकसित करने हेतु पर्यटन परियोजनाओं को मंजूरी दी है:

(ख) यदि हां, तो इसके लिए चिह्नित स्थलों का राज्यवार, विशेषकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के बालाघाट में ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके लिए राज्यवार, विशेषकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के बालाघाट में कितनी निधि स्वीकृत और जारी की गई है; और

(ङ) केन्द्र सरकार द्वारा पर्यटकों की संख्या के सुप्रबंधन, स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन तथा पर्यटन में सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): जबकि पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' (एसडी)' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपने केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से दिशानिर्देशों के साथ तालमेल में और धन की उपलब्धता आदि के आधार पर राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास के प्रयासों को पूरा करता है।

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाएं वर्ष 2014-15 में शुरू की गईं। इसकी शुरुआत के बाद से देश में स्वदेश दर्शन योजना के विभिन्न विषयगत परिपथों के तहत कुल 76 परियोजनाओं को 5287.90 करोड़ रु. की संशोधित मंजूर राशि के साथ मंजूरी दी गई है, जिसमें से 4956.39 करोड़ रु. जारी/प्राधिकृत किये जा चुके हैं। इन 76 परियोजनाओं में से 75 परियोजनाएं भौतिक रूप से पूर्ण बताई गई हैं। इसके शुरू होने के बाद से मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत 27 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 1594.40 करोड़ रु. की अनुमानित लागत के साथ कुल 47

परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के लिए 1036.96 करोड़ रु. जारी किए जा चके हैं।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है।

'पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) - वैश्विक पैमाने पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' के तहत, भारत सरकार ने हाल ही में देश में 3295.76 करोड़ रु. की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत परियोजनाओं को 31.03.2026 तक पूरा किया जाना है।

महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में स्वदेश दर्शन, एसडी 2.0, प्रशाद और एसएएससीआई योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **संलग्न** है।

(ड.): पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटकों को समान रूप से विभाजित करने, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने और पर्यटन क्षेत्र में सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत, कम-ज्ञात स्थलों सहित देश के विभिन्न हिस्सों में पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाती हैं।

मंत्रालय राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को परियोजनाओं को तैयार करने में स्थानीय समुदायों के साथ उचित परामर्श सुनिश्चित करने की सलाह देता है और पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता और आर्थिक स्थिरता सहित टिकाऊ पर्यटन के सिद्धांतों को अपनाने पर जोर दिया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय ने सतत पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति भी तैयार की है और मिशन लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट (एलआईएफई) के तहत एक क्षेत्रीय कार्यक्रम 'ट्रैवल फॉर लाइफ' लॉन्च किया है। ट्रैवल फॉर लाइफ का उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र में स्थिरता को मुख्यधारा में लाने को बढ़ावा देना, जागरूकता पैदा करना और पर्यटकों और पर्यटन व्यवसायों को प्रकृति के अनुरूप टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन स्थलों के एकीकृत विकास के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करने के मिशन के साथ स्वदेश दर्शन 2.0 के रूप में अपनी स्वदेश दर्शन योजना को भी नया रूप दिया है।

*****

**अनुबंध**

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे एवं श्रीमती भारती पारधी द्वारा अल्पज्ञात पर्यटन-स्थलों को विकसित करने हेतु परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †72 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परिपथ** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी/प्राधिकृत* राशि** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ | 2015-16 | पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.10 | 86.31 |
| 2 | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ | 2016-17 | साँची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का विकास | 74.02 | 72.75 |
| 3 | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ | 2016-17 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 | 89.49 |
| 4 | मध्य प्रदेश | इको परिपथ | 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध -बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध-केन नदी का विकास | 93.76 | 93.59 |
| 5 | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ | 2015-16 | सिंधुदुर्ग - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभव तटीय परिपथ का विकास | 19.06 | 18.10 |
| 6 | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ | 2018-19 | वाकी- अदासा- धापेवाड़ा-पारदसिंघा- तेलनखंडी-गिराड का विकास | 45.47 | 43.19 |

* केंद्रीय क्षेत्र योजना के लिए टीएसए मॉडल । के माध्यम से सीएनए को प्राधिकरण की राशि शामिल है।

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| क्र. सं. | राज्य | गंतव्य | एक्सपेरिएन्स का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपेरिएन्स ज़ोन | 16.73 | 29-02-2024 |
| 2 | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपेरिएन्स | 27.21 | 05-03-2024 |
| 3 | महाराष्ट्र | पुणे | शिवसृष्टी ऐतिहासिक थीम पार्क- चरण 3 | 76.22 | 21-09-2024 |

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों के विकास की सूची : -**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मध्य प्रदेश | ओरछा में एक मध्यकालीन वैभव | 99.92 | 26-11-2024 |
| 2 | मध्य प्रदेश | भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 99.38 | 26-11-2024 |
| 3 | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंडरवाटर संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 46.91 | 26-11-2024 |
| 4 | महाराष्ट्र | नासिक में राम-काल पथ का विकास | 99.14 | 26-11-2024 |

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत लागत | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मध्य प्रदेश | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 34.73 |
| 2 | मध्य प्रदेश | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 |
| 3 | महाराष्ट्र | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 42.18 | 29.93 |

*****